PTCUL

पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002

दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 email:- hr@ptcul.org

पत्रांकः 786/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/के0पी0आई0–2020–21 दिनांकः 06.04.2021

विषयः कार्मिकों की मुख्य निष्पादन संकेतक (Key Performance Indicators) निर्धारित प्रारूप में भरने के सम्बन्ध में।

समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक
समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक
समस्त अधिशासी अभियन्ता,
पिटकुल।

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि वर्ष 2020–21 हेतु विभिन्न पदों के मुख्य निष्पादन संकेतक (Key Performance Indicators) लक्ष्य निर्धारित करते हुये माह अक्टूबर–2020 में उक्त मुख्य निष्पादन संकेतक (Key Performance Indicators) की छायाप्रति सम्बन्धित कार्मिकों को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित की गयी थी।

उक्त के क्रम में निम्न पदों के मुख्य निष्पादन संकेतक (Key Performance Indicators) का प्रारूप कारपोरेशन की वैबसाइट पर अपलोड किया जा रहा हैः–

1. समस्त अवर अभियन्ता संवर्ग।
2. अधिष्ठान संवर्ग (डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/कार्यालय सहायक–तृतीय/द्वितीय/प्रथम, कार्यालय अधीक्षक–द्वितीय/प्रथम/विशेष श्रेणी, निजी सहायक।
3. परिचालकीय संवर्गः– श्रमिक, कुशल श्रमिक, तकनीशियन ग्रेड–द्वितीय/प्रथम (विद्युत/लाईन)।
4. चपरासी/दफादार।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने नियंत्रणाधीन कार्यरत कार्मिकों की मुख्य निष्पादन संकेतक (Key Performance Indicators) का प्रारूप कारपोरेशन की वैबसाइट से प्राप्त कर कारपोरेशन के पत्र संख्या 673/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/ईओ–13 दिनांक 17.03.2021 में वर्णित समय–सारणी के अनुसार भरते हुये अवर अभियन्ताओं एवं अधिष्ठान संवर्ग के कार्मिकों की मुख्य निष्पादन संकेतक (Key Performance Indicators) इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, साथ ही अन्य पदों के कार्मिकों की मुख्य निष्पादन संकेतक (Key Performance Indicators) भरकर उक्त की सूचना भी इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

(अशोक कुमार जुयाल)
उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0)

पत्रांकः /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/जी–4 तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सहायक/डा0ए0ऑ0–निदेशक (परिचालन)/(परियोजना)/(मा0सं0)/(वित्त), पिटकुल, देहरादून को निदेशकगणों के सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0) को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त मुख्य निष्पादन संकेतक (Key Performance Indicators) प्रारूपों को कारपोरेशन की वैबसाइट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें।

(अशोक कुमार जुयाल)
उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0)